रजिस्ट्री सं० डी- 222 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 5, 1974 (पौष 15, 1895)

No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 5, 1974 (PAUSA 15, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

5 JUN 1974

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 28 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 28th February 1973 :—

अंक Issue	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

Division IOD
Acc. No. IOD-11091
Date 26.6.76
Call No.
Processed Checked

—शून्य—

—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं।)	1
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	1
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	1
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	1
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	1
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	1
पूरक संख्या 1—	
29 दिसम्बर, 1974 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	1
15 दिसम्बर 1974 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा कई बीमारियों से हुई मृत्यु-सम्बन्धी आंकड़े	17

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence.	1
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of T	1
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	1
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	1
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	1
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	1
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	1
SUPPLEMENT No. 1	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 29th December 1973	1
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending	17

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 दिसम्बर 1973

सं० 86-प्रेज/73—निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा अपने जीवन को गंभीर संकटपूर्ण परिस्थितियों में डालते हुए जीवन रक्षा कार्य में उल्लेखनीय साहस का परिचय दिये जाने के लिए राष्ट्रपति उन्हें सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक सहर्ष प्रदान करने की स्वीकृति देते है :—

श्री रामेश्वर दयाल भार्गव,
कन्डक्टर,
मध्य प्रदेश राज्य रोडवेज परिवहन निगम,
शिवपुरी,
मध्य प्रदेश ।

दिनांक 21 जुलाई, 1971 को श्री रामेश्वर दयाल भार्गव पिछोर से शिवपुरी जाने वाली सार्वजनिक बस सं० एम० पी० एच० 6681 मे यात्रा कर रहे थे । वह बस अत्यधिक बाढ़ वाले भंवर नाला पार करते समय बह गई । चालक को छोड़ कर, जो बच निकलने में सफल हो गया, उस बस में सवार अन्य सभी व्यक्ति उसमें फंस गये । श्री भार्गव ने आपत्कालीन द्वार के शीशे तोड़े और अपने आप बाहर निकलकर उस बस की छत पर चढ़ गये । तब उन्होंने कई फंसे हुए सह-यात्रियों को बाहर खींचा और उन्हें उस बस की छत पर बैठाया । शीघ्र ही उन्होंने अनुभव किया कि बचाये गये व्यक्ति बाढ़ की तेज धारा में बहने ही वाले हैं । इस खतरे से बचाने के लिए उन्होंने यात्रियों के सामान को सुरक्षित रखने की जाली उठाई और उसका एक सिरा बस के साथ बांध दिया और दूसरा सिरा नाले के तट पर उखड़े हुए पेड़ से बांध दिया । इसके बाद वे यात्रियों को एक-एक करके तट पर सुरक्षित स्थान पर ले गये । उन्होंने एक पगड़ी का प्रयोग कर एक पुलिस के सिपाही को भी उस नाले से बाहर खींचा अन्यथा जो डूब ही जाता । वे तब तक लगातार जीवन रक्षा कार्य करते रहे जब तक कि वह स्वयं पूर्ण रूप से थकान से चूर हो कर गिर न गये । श्री भार्गव ने असाधारण मानवतावाद की भावना का प्रदर्शन किया और अपने प्राणों को बार-बार संकट में डालते हुए दर्जन प्राणियों को मौत के मुंह से बचाया ।

सं० 87-प्रेज/73—निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा अपने जीवन को भारी संकटपूर्ण परिस्थितियों में डालते हुए जीवन रक्षा कार्य में साहस और तत्परता का परिचय देने के लिए राष्ट्रपति उन्हें उत्तम जीवन रक्षा पदक सहर्ष प्रदान करने की स्वीकृति देते हैं :—

1. श्री वेणुगोपाल, ग्राम धर्मपुर, डाकघर शिवपुरम्,
थाना तथा तहसील: रनगट,
मध्य अण्डमान, अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह ।

2. श्री गोपीनाथन,
ग्राम धर्मपुर, डाकघर : शिवपुरम्,
थाना तथा तहसील: रनगट,
मध्य अण्डमान, अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह ।

दिनांक 25 दिसम्बर, 1971 को अण्डमान मे रनगट स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कई स्कूली बच्चे धर्मपुर गांव लौट रहे थे । उन्हें अपने गांव पहुंचने के लिए एक नाला पार करना पड़ता था जिसमें भारी बाढ़ आई हुई थी । दो किसानों के अतिरिक्त 11 लड़कियां और 4 लड़के डिंगी (नाव) में सवार हुए । अचानक यह डिंगी तेज धारा में फंस गई और उलट गई और नाव में सवार सभी व्यक्ति नाले में गिर पड़े । दो किसान और दो लड़के तो तैर कर पार आ गये । वेणुगोपाल और गोपीनाथन नामक अन्य दो लड़के लड़कियों को बचाने में लग गये और उनमें से आठ लड़कियों को उठाकर उलटी डिंगी (नाव) पर बिठाने में सफल हुए । संतुलन ठीक न रहने के कारण वह डिंगी फिर उलट गई और वे लड़कियां पुन: नाले में गिर पड़ीं । वेणुगोपाल और गोपीनाथन अपने बहादुरी के प्रयत्नों में लगे रहे । आठ लड़कियों में से तीन ने वेणुगोपाल को पकड़ लिया किन्तु उन्होंने स्थिति को सम्भाला और उनमें से दो लड़कियों को डिंगी पकड़वा दी और तीसरी को उसके बाल पकड़ कर किनारे तक खींच लाये । वह वापिस आये और उन दो लड़कियों में से एक को जो डिंगी से अपनी पकड़ करीब-करीब छोड़ने ही वाली थी बचाया । गोपीनाथन ने दूसरी लड़की को भी खींचते हुए किनारे तक लाकर उसके प्राण बचाये । जब डूबती हुई लड़कियों में से एक ने नाविक श्री सुकुमारन को पकड़ा तो गोपीनाथन ने तुरन्त उसे पकड़ा और उसे पानी से ऊपर उठा दिया । लड़कियों को डूबने से बचाने के अपने साहसिक प्रयत्नों में वेणुगोपाल और गोपीनाथन ने अपने प्राणों को जोखम में डालते हुए उत्कृष्ट साहस और दृढ़-निश्चय का प्रदर्शन किया । अपने बहादुरी के प्रयत्नों से उन्होंने चार युवा लड़कियों की जानें बचाई ।

3. मास्टर परमेश्वरन राजप्पन,
परीयार्थु वीडू,
ग्राम वाजप्पली वेस्ट,
चंगनाचेरी, जिला कोट्टयाम (केरल) ।

दिनांक 12 अक्तूबर, 1971 को जिला कोट्टयाम के वाजप्पली वेस्ट यू० पी० स्कूल में पहली श्रेणी में पढ़ने वाला 5 वर्षीय बालक पी० शाजी अचानक विद्यालय के अहाते के 60 फीट गहरे कुएं में जो कि इस्तेमाल में नहीं आता था, फिसलकर गिर गया। बालक की चिल्लाहट सुनकर कुछ व्यक्ति घटनास्थल की ओर भागे। उनमें से एक किशोरावस्था का विद्यार्थी मास्टर परमेश्वरन राजप्पन एक रस्सी के सहारे तुरन्त कुएं में उतरा और उसके बाद कुएं में कूद पड़ा। तब तक शाजी नीचे कुएं की तली तक डूब चुका था। मास्टर राजप्पन ने पानी में गोता लगाया और शीघ्र ही उस बालक को पानी से बाहर ले आया। शाजी को अपने बायें हाथ में थामें हुए वे करीब 5 मिनट तक पानी में तैरते रहे और तब कुएं में नीचे लटकाई गई रस्सी की मदद से बच्चे को सुरक्षित स्थान पर ले आये।

इस प्रकार मास्टर परमेश्वरन राजप्पन ने अपनी जान को खतरा होते हुए भी उस बालक को डूबने से बचाने में पहल, सूझ-बूझ, तत्परता और उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

4. श्री भालचन्द्र किसन काटे,
272, डपोडी,
पूना।

दिनांक 29 जून, 1971 को मन्दाकिनी भिकोबा काटे, आयु 10 वर्ष और जानाबाई बबन मुकुटे, आयु 14 वर्ष नामक दो लड़कियां पूना में पवना नदी में कपड़े धो रहीं थीं। एक कुत्ते के भौंकने से कुमारी मन्दाकिनी घबड़ा कर तेज बहती हुई नदी में गिर पड़ी और धार में बह गई। दूसरी लड़की जानाबाई उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़ी पर स्वयं भी बह गई। कुछ महिलाओं द्वारा की गई चीख पुकार को सुन कर 19 वर्षीय भालचन्द्र किसन काटे ने देखा कि दोनों लड़कियां 40 से 50 फीट की दूरी पर तेज धारा में बही जा रही हैं। वे कपड़ों सहित नदी में एकदम कूद पड़े और उन्हें बचा लिया। अभी केवल किशोरावस्था के होने के बावजूद श्री काटे ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए दो प्राणियों को डूबने से बचाने में निःस्वार्थ साहस एवं अद्वितीय सूझ-बूझ का परिचय दिया।

5. श्री चानन सिंह (जी० सं० 106771),
सहायक चार्जमैन,
ग्राम तथा डाकघर: बागली कलां,
जिला लुधियाना (पंजाब)।

दिनांक 24 जनवरी, 1970 को करीब सायं 6-30 बजे भारत-सिक्किम सीमा पर ऋषि पुल स्थल के समीप एक जबरदस्त और अप्रत्याशित भू-स्खलन हुआ जिसमें एक अधिकारी और 29 "ग्रेफ" पाइनियर मारे गये और एक अधिकारी और 25 "ग्रेफ" पाइनियर गम्भीर रूप से घायल हो गये। वे सभी मलवे के नीचे दब गये।

सैकिन्ड लफ्टिनेन्ट एच० एस० खारा एस० एस०-21056 के नेतृत्व में एक बचाव दल फौरन घटना स्थल पर पहुंचा और उसने तत्काल बचाव कार्य आरम्भ कर दिये। सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट खारा के अधीन कार्य कर रहे सहायक चार्जमैन, श्री चानन सिंह जी-सं० 106771 खतरा उठाते हुए और अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए बचाव कार्य में लगे हुए व्यक्तियों में विश्वास पैदा करते रहे। बचावकार्य अभी चल ही रहे थे कि अत्याधिक अंधेरा हो गया क्योंकि उस स्थल की रोशनी की व्यवस्था भू-स्खलन से छिन्न भिन्न हो चुकी थी। भू-स्खलन जारी था और बचावदल पर लगातार खतरा बना हुआ था क्योंकि उस भू-स्खलन से पत्थर और मिट्टी नीचे खिसक रही थी। इसके बावजूद भी बचाव दल मलबे में दबे हुए सभी व्यक्तियों को बाहर निकालने में और घायलों के लिए चिकित्सा व्यवस्था करने में सफल रहा। सम्पूर्ण बचाव कार्य के दौरान श्री चानन सिंह ने अपने जीवन को गम्भीर संकट में डाला। यह उन्हीं के साहस और उत्साह शील प्रयत्नों का परिणाम था कि भू-स्खलन के नीचे दबे हुए व्यक्तियों को जीवित निकाला जा सका।

6. श्री तारा चन्द,
ग्राम सलहर,
तहसील: रणबीर सिंह पुरा,
जम्मू।

दिनांक 24 दिसम्बर, 1971 को श्री दीवान चन्द और उनके परिवार के सदस्यों ने, जो तांगे में सवार होकर अपने गांव वापिस आ रहे थे, ग्राम जगतू-चक और पासगल के बीच जी० आर० 007294 से छोटा रास्ता अपनाया, जहांकि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सामरिक आवश्यकता के कारण कई अन्य स्थानों सहित सुरंगे बिछाई गई थी। वह तांगा एक टैंक भेदी सुरंग से गुजरा और उसके परिणामस्वरूप होने वाले विस्फोट में सभी चारों सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये।

श्री तारा चन्द ने, जो कि संयोग से वहां आ पहुंचे, उन घायल व्यक्तियों की करुणाजनक स्थिति देखी। उन्होंने बचाव का प्रबन्ध करने चाहे किन्तु उन्हें स्थानीय व्यक्तियों द्वारा चेतावनी दी गई कि उनके भी विस्फोट से टुकड़े टुकड़े हो जायेंगे। अपनी जान को खतरे की परवाह न करते हुए श्री तारा चन्द उन घायलों को निकालने के लिए चार बार अकेले उस सुरंग-क्षेत्र में गये और उन्होंने पहले दोनों बच्चों को, उसके बाद उनके माता-पिता को बारी बारी करके बाहर निकाला। माता-पिता की बाद में मृत्यु हो गई किन्तु उन दो बच्चों के प्राण बचा लिए गये। श्री तारा चन्द ने दूसरों की जाने बचाने के लिए अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए उत्कृष्ट और असाधारण साहस का परिचय दिया।

7. कुमारी मेरीकुट्टी मैथ्यु (मौली कुट्टी),
सचागाथिल कौरत्ती,
कांजीराप्पली, जिला कोट्टयाम (केरल)।

29 मार्च, 1972 को 9 वर्षीय शीला, कोरत्ती के समीप कट्टीकायम में मणिमाला नदी में स्नान करते हुए अचानक ही तेज धारा में फंस गई और गहरे पानी में बह गई। अपने प्राण बचाने के लिए प्रयत्न करती हुई नन्ही बालिका को देखकर उसकी बड़ी बहन 12 वर्षीय बालसम्मा नदी में कूद पड़ी और शीला को पकड़ लिया किन्तु उसे बचाने में असफल रही। 15 वर्षीय तरस्यामा नामक एक अन्य लड़की ने जब यह भयानक दृश्य देखा तो वह उन्हें बचाने

के लिए नदी में कूद पड़ी किन्तु जब दोनों लड़कियों ने उसे पकड़ लिया तो तीनों की तीनों डूबने लगीं । दुर्घटना स्थल पर पानी करीब दस-बारह फुट गहरा था । उनके चीत्कार को सुनकर 18 वर्षीय कुमारी मेरीकुट्टी मैथ्यू (मौली कुट्टी) उस नदी में कूद पड़ीं, हालां कि अन्य व्यक्तियों ने उन्हें चेतावनी दी थी कि इस कार्य में जान का खतरा है । उन्होंने पानी में गोता लगाया और तीनों लड़कियों को नदी तट तक ले आने में सफल हुई । ये लड़कियां बेहोश हो गई थी और वहां एकत्रित लोगों द्वारा उनका प्राथमिक-चिकित्सा उपचार किये जाने के बाद ही वे होश में आईं । कुमारी मेरी कुट्टी मैथ्यू (मौली कुट्टी) ने अपने जीवन को भारी संकट में डालते हुए, तीन प्राणियों को डूबने से बचाने में असाधारण साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

8. श्री कालीगिथी कोटेश्वर राव, **(मरणोपरान्त)**
उण्डी, भीमराव तालुक,
जिला : वेस्ट गोदावरी,
आन्ध्र प्रदेश ।

4 अगस्त, 1972 को करीब 11 बजे सुबह पालाककोडे गांव की श्रीमती आप्पला नारसम्पा ने आत्म हत्या करने के इरादे से भीमवरम शहर के रेलवे पुल से येनमदुरु नाले में छलांग लगाई । नाले में उस महिला को बहते हुए देखकर 27 वर्षीय श्री कालीगिथी कोटेश्वर राव उसे बचाने के लिए तत्काल नाले में कूद पड़ा । इस कार्यवाही में श्री राव अपनी जान तक गवां बैठे । श्रीमती अप्पाला नारसम्पा के प्राण बचाने के प्रयत्न में श्री कालीगिथी कोटेश्वर राव ने अनुकरणीय साहस और जनहित की भावना का प्रदर्शन किया ।

9. श्री मोतीराम आत्माराम मानकर,
रेलवे गेटमैन, रेलवे स्टेशन यवतमाल,
यवतमाल, महाराष्ट्र ।

10. श्रीमती जशोदा बाई,
द्वारा श्री साहू गणपत राउत,
रेलवे, गेटमैन, रेलवे स्टेशन, यवतपाल,
यवतपाल, महाराष्ट्र ।

श्री मोतीराम आत्माराम मानकर, गेटमैन ने जो 12 फरवरी, 1970 को डूंगरपुर रेलवे स्टेशन के फाटक पर ड्यूटी पर थे, करीब 16-30 बजे, रेलवे गेट बन्द किया और यवतमाल रेलवे स्टेशन से आने वाली रेलगाड़ी की प्रतीक्षा कर रहे थे । इस लेवल क्रासिंग से गुजरने वाली यवतमालल में से अमरावती जाने वाली सड़क करीब डेढ़ फर्लांग तक लगातार ढलान वाली है, जो इस लेवल क्रासिंग और उसमें भी नीचे तक है । करीब 16.45 बजे यवतमाल, से अमरावती जाने वाली 62 यात्रियों से भरी राज्य परिवहन की एक बस सं० एम० आर० आर० 6356 इस लेवल क्रासिंग पर पहुंची और गेट पर टकराने के बाद रेल की पटरी पर रुक गई । तब तक उक्त रेलगाड़ी जो यवतमाल रेलवे स्टेशन से चल चुकी थी इस लेवल क्रासिंग से केवल लगभग 200 फुट की दूरी पर पहुंच चुकी थी । श्रीमानकर ने स्थिति की गम्भीरता को समझा और लाल झंडी हिलाते हुए आती हुई रेलगाड़ी की ओर भागे ताकि उसे रुकाया जा सके । उनके पीछे-पीछे एक दूसरे गेटमैन की पत्नी श्रीमती जशोदाबाई भी इसी उद्देश्य से भागती हुई उस ओर गई । चूंकि रेलगाड़ी पहले से ही तेज गति से चल रही थी, इसलिए इंजिन ड्राइवर का ध्यान आकृष्ट करने के लिए उन्हें जोर से चिल्लाना पड़ा । सौभाग्य से उस ड्राइवर ने उनका चिल्लाना सुन लिया और उसने ब्रेकें लगाईं । रेलगाड़ी रेल पटरी पर खड़ी हुई राज्य परिवहन की बस को मामूली से धकेलने के पश्चात रुक गई । यात्रियों या जनता में से कोई भी घायल नहीं हुआ । इस बचाव कार्य में श्री मानकर और श्रीमती जशोदा बाई को कोई चोटें नहीं आईं । इस संकट उक्त कालीन परिस्थिति में उन्होंने अत्यधिक साहस तत्परता और सूझ-बूझ से कार्य किया और अपने प्राणों को संकट में डालते हुए रेलगाड़ी तथा बस के मध्य भिड़न्त को रोका और इस प्रकार उस बस के यात्रियों को जो काफी बड़ी संख्या में थे मरने या घायल होने से बचाया ।

11. श्री कल्याण सिंह,
नारायण गढ़, तहसील कर्ण प्रयाग,
जिला चमोली, उत्तर प्रदेश ।

20 अप्रैल, 1972 को 15 वर्षीय श्रीराम सिंह स्नान करते समय पिंडर नदी में फिसल गये और उसकी तेज धारा में बह गये । उसे बहते हुए देखकर श्री महावीर सिंह रावत ने सहायता के लिए शोर मचाया और इससे उस नदी के किनारे कुछ अन्य व्यक्ति एकत्रित हो गये । तब तक वह लड़का 200 मीटर से अधिक दूर नारायण गढ़ ब्लाक कालोनी की ओर बह गया था । इत्फाक से श्री कल्याण सिंह भी वहां उपस्थित थे जिन्होंने डूबते हुए लड़के को देखा । वह कपड़ों समेत नदी में कूद पड़े और लड़के को किनारे तक लाने में सफल हुए । नदी के जिस स्थान से श्री कल्याण सिंह ने लड़के को बचाया वह स्थान 3 मीटर से अधिक गहरा और 50 मीटर से अधिक चौड़ा था । पानी बहुत ठंडा था और धारा बहुत तेज थी । इन कठिनाइयों के बावजूद श्री कल्याण सिंह ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए उस लड़के के प्राण बचाने में असाधारण साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया ।

12. श्री बी० राजा रेड्डी,
कल्याण खानी सं० 1, इन्कलाइन,
मण्डमरी डिवीजन, सिगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड,
पो० आ० कोठगुडीयम कोलियरीज,
भद्राचलम रोड स्टेशन,
आन्ध्र प्रदेश ।

6 जनवरी, 1972 को प्रथम पारी के दौरान कल्याण खानी सं० 1 इन्कालाइन, मण्डमरी डिवीजन में तब एक गम्भीर दुर्घटना हुई जब शाट-फायर श्री जुपाका पोशाम, एक शिला के नीचे फंस गये जो कि उनके ऊपर गिर गई थी । कोल कट्टर श्री बी० राजा रेड्डी जो दुर्घटना स्थल से करीब 33 मीटर की दूरी पर थे, दुर्घटना स्थल पर गये और श्री जुपाका पोशाम को गिरी हुई शिला के नीचे से बाहर निकाला और उन्हें एक सुरक्षित दूरी तक ले गये, हालांकि दो शाट्स को आग लग चुकी थी और उनकी जान खतरे में पड़ सकती थी अगर वे उस समय फट जाते जब वे श्री जुपाका पोशाम को बचा रहे थे । श्री रेड्डी ने अपने प्राणों को अत्यधिक खतरा होने की परिस्थितियों में भी, अपने सह-श्रमिक को बचाने में असाधारण साहस और उच्चकोटि के उत्तरदायित्व की भावना का प्रदर्शन किया ।

13. श्रीमती मिनाती संतरा,
द्वारा श्री भजहरी संतरा,
ग्राम जयनगर, डाकघर गौरांगचेक,
थाना: उदयनारायणपुर,
जिला: हावड़ा, पश्चिम बंगाल।

जुलाई, 1972 के अन्तिम सप्ताह में जयनगर के हरु संतरा, तापसी संतरा और धन्नय् संतरा नामक तीन बच्चे दामोदर नदी में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में फिसल गये। वे एक दूसरे के बाजुओं को पकड़े हुए नदी से बाहर आने के प्रयत्न करते रहे। धन्नय् संतरा की माता श्रीमती अबी संतरा, बच्चों को जलधारा में बहते हुए देखकर गहरे पानी में कूद पड़ी, बच्चों को पकड़ा किन्तु बाहर न आ सकी क्योंकि धारा का प्रवाह प्रबल था। श्रीमती मिनाती संतरा जिन्होंने अचानक देखा कि भंवरदार जलधारा उन्हें बहाकर ले जा रही है तो वे नदी में कूद पड़ीं और उन्हें सुरक्षित नदी के किनारे ले आई। अपनी जान को गम्भीर खतरा होते हुए भी उन्होंने चार व्यक्तियों को बचाने में प्रशंसनीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

14. श्री सुधीर कुमार **(मरणोपरान्त)**
सुपुत्र डाकटर सत्यपाल गुप्ता,
कोटली कालोनी,
रेहारी, जम्मू।

जसजीत सिंह, सुधीर कुमार और वीरेन्द्र सिंह नामक तीन लड़के कपूरथला में रेल पटरी के साथ साथ चल रहे थे। जसजीत सिंह बीच में थे, सुधीर कुमार उसके दायीं ओर और वीरेन्द्र सिंह बायीं ओर थे। वे बात चीत में व्यस्त थे और पीछे से आ रही रेलगाड़ी के बारे में अनभिज्ञ थे। जब रेल गाड़ी उन से केवल 6 गज की दूरी पर रह गई थी तो सबसे पहले वीरेन्द्र सिंह ने अचानक रेलगाड़ी को देखा। वह रेल-पटरी के बाईं ओर कूद गया और अपने आप को बचा लिया। सुधीर कुमार भी दाईं ओर को कूद पड़े, जबकि जसजीत सिंह अभी रेलवे पटरी पर ही था और कूदने का प्रयत्न भी किया किन्तु गिर पड़ा। सुधीर कुमार जसजीत सिंह को पटरी से बाहर खींचने के लिए एक दम रेल पटरी पर गये, परन्तु इसी प्रक्रिया में उन्हें रेलगाड़ी से टक्कर लग गई और जसजीत सिंह सहित उनकी मृत्यु हो गई।

श्री सुधीर कुमार ने अपने साथी को बचाने के प्रयत्न में अपने प्राणों का बलिदान किया और इसके द्वारा साहस और बहादुरी का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

अशोक मित्र, राष्ट्रपति के सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 17 दिसम्बर 1973

सं० 88-प्रेज०/73—निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा अपने जीवन को गंभीर संकट पूर्ण परिस्थितियों में डालते हुए जीवन रक्षा कार्य में उल्लेखनीय साहस का परिचय दिए जाने के लिए, राष्ट्रपति उन्हें जीवन रक्षा पदक सहर्ष प्रदान करने की स्वीकृति देते हैं:—

1. श्रीमती कावेरीबाई,
कारवार, जिला नार्थ कनारा,
कर्नाटिक।

23 नवम्बर, 1971 को कारवार शहर में कोडी बाग नामक क्षेत्र में एक जंगली भैंस ने एक साइकिल सवार का जिस के कैरियर पर तीन वर्षीय बच्चा भी बैठा हुआ था, पीछा किया। साइकिल सवार डर गया और अपने आप को उस खतरे से बचाने की खातिर, वह सड़क के किनारे एक कुएं की ओर बढ़ा। जब उसने अचानक साइकिल को ब्रेक लगाई तो कैरियर पर बैठा बच्चा कुएं में जा गिरा। साइकिल सवार सहायता के लिए चिल्लाया। इसे सुनकर श्रीमती कावेरी बाई घटना स्थल की ओर दौड़ी आई। अपने जीवन की परवाह किये बिना वह कुएं में कूद पड़ी और बच्चे को बचा लिया। श्रीमती कावेरी बाई ने इस बच्चे का जीवन बचाने में उत्कृष्ट साहस और सूझ बूझ का परिचय दिया।

2. कुमार देवी दास शंकर दिवकर,
स्थान एवं डाकखाना रामराज, तहसील अलीबाग,
जिला कोलाबा, महाराष्ट्र।

12 अगस्त, 1970 को 10 वर्षीय ग्वाला कुमार राम चन्द्र नारायण वेटकोली, कोलाबा जिले में रामराज गांव के निकट जब नदी पार कर रहा था तो उस समय नदी में पानी का स्तर मुश्किल से 6 से 10 फीट गहरा था। धारा के उद्गम की ओर से अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और पानी का स्तर बढ़ कर 15 से 20 फीट हो गया। बालक लगभग नदी में बह जाने को था कि नदी के किनारे बैठी कुछ महिलाओं ने इस लड़के को बचाने के लिये शोर मचाना शुरू कर दिया। इस शोर को सुनकर 15 वर्षीय बालक कुमार देवीदस शंकर दिवकर घटनास्थल की ओर भागा और पलभर की भी देर किये बिना नदी में कूद पड़ा। अच्छा खासा फासला तैरने के पश्चात् एवं भरसक प्रयत्नों के फलस्वरूप वह डूबते हुए लड़के के पास जा पहुंचा और उसे नदी के किनारे पर जीवित वापिस लाने में सफल हुआ।

कुमार देवीदास शंकर दिवकर ने कुमार रामचन्द्र नारायण वेटकोली की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और सूझ बूझ का परिचय दिया।

3. श्री तोम्मनमाट्टाथिल कुमारन राजू
करपूजा वीडू, वेल्लाप्पडो,
पलाई, केरल।

7 फरवरी, 1971 को प्रातः लगभग 10.30 बजे सेंट विनसेंट इंगलिश मीडियम हाई स्कूल, पलाई, का विद्यार्थी कृष्ण कुमार अपने मित्रों सहित मीनाचिल नदी में पलाई चर्च स्थान घाट पर नहा रहा था कि अचानक नदी में फिसल गया। लड़के को अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करता देख कर गवर्नमेंट हाई स्कूल, पलाई के विद्यार्थी, 18 वर्षीय श्री टी० के० राजू जो कि पास ही खड़े थे, अपनी जान की परवाह किये बिना, नदी में कूद पड़े और गहरे पानी से कृष्ण कुमार को खींच कर बाहर निकाल कर

बचा लिया । यदि श्री राजू समय पर उक्त साहसपूर्ण कार्य न करते तो श्री कृष्ण कुमार, नदी में अवश्य डूब गया होता । श्री टी० के० राजू ने अपने साथी विद्यार्थी की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

4. श्री दत्तात्रेय राम मगडुम,
डाकखाना अर्जुन वाडा, तालुका शिरोली,
जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र ।

31 अगस्त, 1970 को श्री दत्तात्रेय राम मगडुम कृष्णा नदी के, मिराज गाव की तरफ वाले किनारे पर लगे वार्षिक मेले (अन्ना बावा) में एक किश्ती में 35-40 अन्य व्यक्तियों के साथ, अर्जुनवाडा वापिस लौट रहे थे । अचानक किश्ती पर बैठे हुए व्यक्तियों ने लोगों को चिल्लाते हुए सुना और नदी के तेज बहाव में एक लड़के को बहते हुए देखा । श्री मगडुम नदी में कूद पड़े और डूबते हुए लड़के का हाथ पकड़ लिया । उन्होंने लड़के को नदी के तेज बहाव में डूबने से बचा लिया और उसे नदी के किनारे पर ले आये ।

पुनः 28 अक्तूबर, 1971 को 17 वर्षीय शाबिर हुसैन मजावर, कृष्णा नदी में नहाते समय डूबता हुआ पाया गया । चारों ओर से लोगों की, सहायता के लिये चिल्लाने की आवाजें सुनते ही, श्री मगडुम जो कि थोड़ी दूरी पर एक किश्ती में बैठे हुए थे, नदी में कूद पड़े और शाबिर हुसैन को डूबने से बचा लिया । अपनी तबीयत उस समय ठीक न होते हुए भी, श्री मगडुम ने एक नागरिक बन्धु को बचाने में सराहनीय तत्परता का परिचय दिया ।

5. श्री जयसिंहराव अन्नासाहब भोंसले,
701 गोखले नगर, पुने सिटी,
महाराष्ट्र ।

25 फरवरी, 1971 को श्री जयसिंहराव अन्नासाहब भोंसले श्री लक्ष्मण रघुनाथ जबलेकर के साथ टहलने के लिए निकले । उन्होंने निकट के एक कुएं से, जोकि प्रयोग में नहीं आ रहा था, कराहने की आवाज आती हुई सुनी और जब उन्होंने कुएं के अन्दर झांका तो उन्हें दिखाई दिया कि कुएं के अन्दर कोई है । श्री भोंसले को निकट के वृक्ष से बंधी एक रस्सी मिल गई । श्री भोंसले, रस्सी लेकर अपने साथी जबलेकर और हटमेन्ट में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ कुएं की ओर गये । रस्सी का एक सिरा स्वयं पकड़ कर और अन्य दो व्यक्तियों से रस्सी का दूसरा सिरा पकड़े रखने को कह कर वह कुएं में उतर गये जो कि 25 फीट गहरा था । कुएं के पानी में पहुंचने पर, उन्होंने डूबते हुए व्यक्ति को बाजू से पकड़ लिया और ऊपर खड़े अपने साथियों से उसे बाहर खींच निकालने के लिये जोर से आवाजें दीं । किन्तु इस बीच स्वयं उनकी पकड़ छूट गई और कुएं में गिर पड़े । श्री भोंसले ने बाहर वालों से रस्सी नीचे फैंकने के लिये कहा । डूबने वाले व्यक्ति, जोकि एक महिला थी, समेत उन्हें खींच कर बाहर निकाला गया । महिला अचेत अवस्था में थी । श्री भोंसले ने उसका तत्काल प्रथम उपचार किया और इसके परिणाम स्वरूप उसे होश आ गया ।

श्री जयसिंह राव अन्नासाहब भोंसले ने अपनी सुरक्षा का विचार किये बिना, महिला को बचाने में उच्च कोटि के असाधारण साहस का परिचय दिया और उच्च नागरिक भावना का भी प्रदर्शन किया ।

6. श्री वासुदेव ढोंडुशेत बाघ,
मकान नं० 1960, सोमवार पेठ,
नासिक, महाराष्ट्र ।

नासिक में 27 जुलाई, 1971 को सायं लगभग चार बजे कुछ बच्चे एक मकान की सीढ़ियों पर खेल रहे थे । उन्होंने एक खुले लोहे के स्प्रिंग के एक सिरे को सीढ़ियों में लगी बिजली के एक गरम तार के साथ बांध दिया और दूसरा सिरा एक दरवाजे की एक चिटकिनी के साथ बांध दिया । इस तार के साथ खेलते हुए उनमें से मीना मनोहर पवार नामक लड़की को बिजली के झटके लगने से मृत्यु हो गई । श्री वासुदेव ढोंडुशेत बाघ ने जो कि मकान के प्रथम तल पर थे, 25 फीट नीचे छलांग लगाई और मेन फ्रन्ट का स्विच बन्द कर दिया और इस प्रकार उन्होंने अन्य तीन बच्चों की जानें बचाईं अन्यथा उन की भी बिजली के करन्ट से मृत्यु हो जाती ।

श्री वासुदेव ढोंडुशेत बाघ ने अपने को गम्भीर शारीरिक खतरे की परिस्थितियों में डाल कर इन तीन बच्चों की जान बचाने में उदाहरणीय साहस और सूझ-बूझ का परिचय दि ।

7. श्री बिट्टालाल गोपीनाथ,
तिप्तुर, जिला तुमकुर,
कर्नाटक ।

तिप्तुर के जमींदार श्री नवरेकर सुब्बा राव का बंगलोर में 25 जनवरी, 1970 को देहांत हो गया । इस दुःखद समाचार को सुनते ही उनकी पत्नी ने शोकातुर होकर घर के आंगन में स्थित कुएं में छलांग लगा दी । उसी समय, 19 वर्षीय श्री बिट्टालाल गोपीनाथ संयोग से वहां जा पहुंचे । जब उन्हें इस घटना के बारे में बताया गया तो वह कपड़ों समेत कुएं में कूद पड़े और अपने एक हाथ में महिला को बालों से पकड़ लिया और अपनी टांग की सहायता से उसके शरीर को ऊपर उठाया, ताकि वह कुएं के पानी में डूब न जाये । बाद में अन्य लोगों की सहायता से उस महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया गया । इस प्रकार श्री गोपीनाथ द्वारा अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह न कर शीघ्र कार्यवाई करने के फलस्वरूप उक्त महिला डूबने से बच गई ।

8. श्री वीरनागय्या,
पुलिस कांस्टेबल स० 1272,
सिटी आर्मड रिजर्व पुलिस,
बंगलौर शहर, कर्नाटक ।

8 जुलाई, 1971 को जब श्री वीरनागेय्या, पुलिस कांस्टेबल स० 1272, जो उस समय ड्यूटी पर नहीं थे, रात लगभग 11 बजे घर वापिस आ रहे थे तो उन्होंने एक 13 वर्षीय लड़की को अचानक कुंए में गिरते हुए देखा । वह कुंए की ओर भागे और पानी में लड़की को अपने को बचाने के लिए संघर्ष करते देखा । बिना समय खोये वे कुंए में कूद पड़े और लड़की को पकड़ लिया और तैर कर कुंए के उस तरफ लाये जहां पर लोहे की सीढ़ी लगी हुई थी । इस के पश्चात् वे लड़की को उठाकर कुंए में बाहर ले आये जहां पर उसका प्रथम

उपचार किया गया। बाद में लड़की को हस्पताल ले जाया गया जहां पर वह तीन दिन के इलाज से ठीक हो गई। श्री वीरनागेय्या ने लड़की को बचाने में बड़े साहस और सूझ-बूझ से काम लिया।

9. श्री एम० काथन,
डाकखाना अचम्पूथ,
जिला मदुरै, तमिलनाडु।

10. श्री चेल्लियाह,
ग्राम नरसिंगम,
डाकखाना औथकदै के नजदीक,
जिला मदुरै, तमिलनाडु।

बैगै जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण 16 दिसम्बर, 1971 को रात को मदुरै में नदी में बाढ़ आ गई। नदी के किनारे तथा अन्य निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपनी झोपड़ियां खाली करके चले जाने को कहा गया। जो लोग अपनी झोपड़ियां छोड़कर नहीं गए वे 16 दिसम्बर, 1971 की रात को बाढ़ का पानी अचानक बाढ़ जाने से बाढ़ में फंस गये। मदुरै शहर की समस्त पुलिस एकत्रित की गई और उन्होंने राजस्व और निगम के अधिकारियों तथा अग्निशमन सेवा के कर्मचारियों की मदद से 17 दिसम्बर, 1971 की सुबह से ही बचाव-कार्य प्रारम्भ कर दिए। कृषि विमानन लिमिटेड, बम्बई का हैलिकोप्टर, जो तिरूचिरापल्ली में था, मंगाया गया, परन्तु बचाव कार्य में हैलिकोप्टर के साथ एक दुर्घटना हुई तथा वह बाढ़ के पानी में गिर गया। हैलिकोप्टर चालक बाहर निकला तथा उसने बाढ़ युक्त नदी तैरकर पार की परन्तु कुरूवैकरनसलै में नदी में नाले के किनारे फंस गया। नदी की तेज धारा के कारण किसी ने भी हैलिकोप्टर चालक को बचाने के लिए नदी पार करने का साहस नहीं किया। ऐसी घड़ी में सर्वश्री एम० काथन और चेल्लियाह आगे आये और वे रबड़ की ट्यूबों तथा रस्सियों की मदद से तीव्र धारा में तैरे और हैलिकोप्टर चालक को बचाया।

नौ सेना का एक हैलिकोप्टर जो कोचीन से मंगाया गाया, 18 दिसम्बर, 1971 को वहां पहुंचा और जब पानी का स्तर घट रहा था तब उसने बचाव-कार्य प्रारम्भ किया। नदी में कांटेदार झाड़ियों के कारण रात्रि में बचाव कार्य करना कठिन हो गया। सर्वश्री एम० काथन तथा चैल्लियाह अपनी पगड़ियों में बंधी बैटरियों की रोशनी में नदी में कूद पड़े और तैर कर तीव्र धारा पार की और बाढ़ में फंसे हुए बहुत से लोगों को बचाया। बचाए गए 18 लोगों में से 10 लोगों को सर्वश्री काथन और चैल्लियाह ने बचाया। इन दोनों व्यक्तियों ने बचाव कार्य के लिए खतरे से भरी परिस्थितियों में सराहनीय साहस दिखाया।

11. श्री यशपाल स्याल, जी/11538,
मकान सं० 7312,
फिल्लौर, पंजाब।

20 जुलाई, 1970 को लगातार होती भारी वर्षा के कारण अलकनंदा तथा उसकी सहायक नदियों में अभूतपूर्व बाढ़ आई, जिससे ऋषिकेश, जोशीमठ-बद्रीनाथ और जोशीमठ-मलारी सड़कों को काफी क्षति पहुंची। इन दोनों सड़कों में संचार पद्धति पूर्णरूप से ठप हो गई तथा स्थिति को पूर्वावस्था में लाने के लिए आवश्यक साधन जुटाना भारी समस्या बन गई। 30 जुलाई, 1970 को 21 बी० आर० टी० एफ० के मुख्यालय के ए० ई० श्री आर० डी० सकलानी तथा 155 कन्स्ट्रक्शन कम्पनी के 3, आर० एम० यू० के० बी०/आर० आई० के अधीक्षक श्री यशपाल स्याल, सी० पी० के मजदूरों सहित जोशीमठ की ओर जा रहे थे। धाक नाले पर एक पैदल पुल पार करते समय, पुल के ऊपर अचानक पानी बढ़ जाने से श्री सकलानी फिसल कर नाले में जा गिरे तथा तेज धारा उनको लगभग 30 फीट बहा ले गई और असल में वे डूब चुके थे। श्री स्याल नाले में होकर दौड़े और अपनी रक्षा की परवाह किए बिना धारा में कूद पड़े और श्री सकलानी को बाहर खींच लाए। यद्यपि श्री स्याल लुढ़कते हुए पत्थरों से टकराए और उनको चोटें आई, परन्तु वे श्री सकलानी को बचाने में सफल हुए।

जिन परिस्थितियों में श्री यशपाल स्याल को गहरी शारीरिक चोटें आई, उनमें उन्होंने अपने साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

12. श्री नोल्लू पोलियाह,
खलासी ग्रेड-II, डेकिंग फोरमैन सैक्शन,
मैरिन डिपार्टमैंट, पोर्ट ट्रस्ट,
विशाखापटनम।

29 अक्टूबर, 1971 को तूफानी मौसम के बावजूद, विशाखापटनम के बाहरी बन्दरगाह परियोजना के बार्ज बर्थ II से निकाले हुए पदार्थ (समुद्री कीचड़, आदि) को डलाव में डोलने के लिए होप्पन बार्ज "कैलाश" समुद्र में ले जाया गया। जब उक्त पदार्थ डाला जा रहा था, दो खलासी, सर्व श्री के० चौ० अप्पालानायडू और के० थाटराव दुर्घटना ग्रहत हो गए और खाड़ी में तूफानी मौसम तथा पानी बढ़ जाने के कारण होप्पन बार्ज से गिर पड़े। श्री नोल्लू पोलियाह जो उस समय बार्ज में थे, शीघ्र पानी में कूद पड़े और श्री के० चौ० अप्पलानायडू को, जो कि डूबने ही वाले थे, बचाया। श्री के० थाटराव, जिनको कोई भी चोट नहीं आई, तैर कर किनारे पर पहुंच गए।

अपने साहसपूर्ण कार्य से श्री नोल्लू पोलियाह ने अपने साथी के प्राण ही नहीं बचाए, बल्कि अपने प्राणों की परवाह न करके कर्त्तव्य-परायणता का एक उदाहरण भी पेश किया।

13. श्री ध्रुब सिंह,
अधीक्षक
कोल्ड रोलिंग मिल्स, राऊरकेला स्टील प्लांट,
राऊरकेला, उड़ीसा।

22 जुलाई, 1970 को जब यांत्रिक (मेकेनिकल) कर्मचारी एक क्षतिग्रहत नल (पाइप) को काट रहे थे तो राऊरकेला स्टील प्लांट के कोल्ड रोलिंग मिल्स के हौट डिप टिनिंग लाइन्स के तहखाने में तेल से भीगी दीवारों पर भयंकर आग लग गई, जिससे पाम आयल के टैंक, गैस-पाइप, बिजली के तार (केबल) और यांत्रिक (मैकेनिकल) तथा बिजली (इलैक्ट्रिकल) के उपकरणों से भरे उस पूरे क्षेत्र को आग ने घेर लिया। वहां कम दिखाई देने तथा विस्फोट होने के खतरे के कारण स्वयं को अधिक खतरा होने पर भी, श्री ध्रुब सिंह बड़ी तत्परता तथा सूझ-बूझ के साथ गैस वलवों को बन्द करने तथा बिजली के बटन (स्विच) को बन्द करने में सफल हुए। घना धुंआ छाए

रहने पर भी वे अग्नि-शमन-कर्मचारियों के साथ सीढ़ियों से होकर तहखाने में आधे रास्ते तक गए तथा उनको आग और न बढ़ने देने के उपयुक्त तरीके बताए। यदि एक क्षण की भी देर हो जाती तो वहां विस्फोट हो जाता। श्री ध्रुबसिंह ने अपने साहस तथा सूझ-बूझ से सभी लोगों का मार्ग-दर्शन किया तथा उनको उत्साहित किया। वे पानी के होज पाइप (किरमिच की नली) को स्वयं ताड़ के तेल के टैंकों के ठीक ऊपर के छेद से आग की तरफ ले गए इस प्रकार आग को ताड़ के तेल के टैंकों तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने 20 व्यक्तियों, कीमती उपकरणों तथा अन्य ऐसी सामग्री को बचाया, जिनके न बचने पर हॉट डिप टिनिंग लाइंस के उत्पादन को नुकसान पहुंचता और लगभग 15 करोड़ रूपये का घाटा होता।

14. श्री मुनीर अहमद भट,
अप्रैंटिस इंजीनियर,
सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण विभाग,
जम्मू व कश्मीर सरकार,

13 फरवरी, 1972 को जल स्रोत तथा विकास प्रशिक्षण केन्द्र, रुड़की विश्वविद्यालय के प्रशिक्षार्थी अधिकारी दो दलों में इचारी बांध (यमुना योजना) देखने गए। जब एक दल जल प्रवेश स्थान (इनटेक) से बाहर निकला और दूसरा दल उसे देखने जा रहा था तो इराक से आए हुए एक अतिथि प्रशिक्षार्थी श्री एच० ए० अल-शमी, डर्सिल्टिंग टनल के प्रथम होप्पर में फिसलकर गिर पड़े। श्री शमी को डूबने से बचने के लिए संघर्ष करते हुए देख कर अन्य प्रशिक्षार्थियों ने शोर मचाया। श्री मुनीर अहमद भट ने हल्ला सुना और वे तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे। श्री शमी डूबने ही वाले थे कि श्री मुनीर अहमद भट अपनी रक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए, होप्पर में खूद पड़े और श्री शमी को अपने साथ तैरते रहने के लिए उत्साहित किया। कुछ ही मिनटों के बाद जल प्रवेश स्थान (इनटेक) में एक रस्सी फैंकी गई और उन दोनों को बचा लिया गया। श्री भट ने प्रशिक्षार्थी को बचाने के लिए जा कर उल्लेखनीय साहस का परिचय दिया।

15. मास्टर एरूथाट्टिल सुब्रमणियन,
इचम्पथूर, चुन्नेरा ग्राम,
एनडि तालुक,
जिला मलाप्पुरम, केरल।

19 दिसम्बर, 1971 को 24 वर्षीय कुरिपकिल कुन्हू तथा उनका 11 वर्षीय भाई रवीन्द्रन नामक दो मजदूर चुन्गथरा ग्राम में इंचप्पथूर मंदिर की झील में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में फिसल पड़े और डूबने ही वाले थे। जो तीन आदमी उन्हें बचाने के लिए गए वे भी डूबने लगे क्यों कि उनमें से किसी को भी तैरना नहीं आता था। वहां बहुत से लोग जमा हो गए जो कि बेबसी के साथ देखते रहे जबकि 14 वर्षीय मास्टर एरूथाट्टिल सुब्रमणियन अचानक पानी में कूद पड़े और एक बांस के डंडे की मदद से तीन व्यक्तियों को बचाया तथा शेष लोगों को कुछ अन्य व्यक्तियों ने बचाया। तथापि कुरिपकिल कुन्हू और रवीन्द्रन को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मृत्यु हो गई। यदि मास्टर सुब्रमणियन ठीक समय पर बचाव कार्य नहीं करते तो मृतकों की संख्या पांच तक पहुंच जाती। मास्टर एरूथाट्टिल सुब्रमणियन ने अपनी जिन्दगी को खतरे में डालकर 3 व्यक्तियों की जिन्दगी बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

16. श्री परमेश्वर नारायण भट,
हरीगर ग्राम, सिद्दपुर तालुक
जिला उत्तरी कनारा, कर्नाटक।

17 जुलाई 1972 को लगभग 12 बजे दिन में सिद्दपुर तालुक में हरीगर ग्राम के ही कोलिकट्टु नामक एक छोटे ग्राम में एक बड़ी फूंस की झोंपड़ी में, जिसमें 6 परिवार रहते थे अचानक आग लग गई। घरों के स्वस्थ व्यक्ति तो बाहर थे किन्तु एक बूढ़ी लंगड़ी औरत तथा पालने में दो बच्चों के अतिरिक्त सभी औरतें तथा बच्चे जलती हुई झोंपड़ी से बाहर निकल गए। जो लोग आग लगने के स्थान पर जमा हो गए थे, वे आग को पास के घरों में फैलने से रोकने में लग गए लेकिन उन्होंने बूढ़ी औरत और दो बच्चों का बचाने के लिए कोई प्रयत्न नहीं किए,। श्री परमेश्वर नारायण भट ने भी धुआं देखा और घटनास्थल की ओर दौड़े तथा अन्य ग्रामवासियों से भी अपने साथ चलने के लिए कहते गए। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए वे जलती हुई झोंपड़ी के भीतर कूद पड़े और बूढ़ी औरत तथा दोनों बच्चों के प्राण बचाए।

श्री परमेश्वर नारायण भट ने आग से तीन प्राणियों की रक्षा करने में उल्लेखनीय साहस का परिचय दिया।

17. श्री पवनाशम चैट्टियार शण्मुघम चैट्टियार,
तेक्केम्मपुजयाथु वीडु,
एलकमंगलम्, एजम्कुलम्, कुन्नाथूर तालुक,
जिला विकलोन, केरल।

भारी वर्षा के कारण विकलोन जिले की कल्लदा नदी में बाढ़ आ गई थी। 13 मई, 1972 को गोविन्दमंगलथु वीडु, पट्टाजी ग्राम के 45 वर्षीय श्री राघवन पिल्ले, जो पंचायत घाट (फेरी) में मांझी के रूप में नियुक्त थे, अपनी डोंगी में बाढ़युक्त नदी पार करते समय एक भंवर में फंस गए और बह गए। उन्होंने प्रकृति की इस उग्रता से बचने के लिए भरसक प्रयत्न किए परन्तु तीव्र धाराओं का सामना करने में सफल नहीं हुए। वे थक चुके थे और धारा के साथ-साथ अन्थामोन एडावीजकडावु घाट की ओर खिंचते गए, जहां मांझी श्री पी० शण्मुघम चैट्टियार ने उन्हें देखा। श्री चैट्टियार, अपने प्राणों को खतरे में डालकर नदी में कूद पड़े और श्री राघवन पिल्ले को ऐसे स्थान से बचा लाए जहां पानी लगभग 70 फीट गहरा था और भयंकर लहरें उठ रही थीं। यदि श्री पी० शण्मुघम चेट्टियार उल्लेखनीय साहस नहीं दिखाते तो श्री राघवन पिल्ले अपनी जान से हाथ धो बैठते।

18. श्री फिलिप वरघीस,
मैसूरी परम्बिल, पुथुपल्ली,
जिला कोट्टयाम, केरल।

11 जून, 1972 को लगभग 5.30 बजे, 9 वर्षीय एक लड़का सन्नीमोन अचानक 20 फीट पानी के गड्ढे में फिसल गया। 17 वर्षीय विद्यार्थी, श्री फिलिप वरघीस, जो कि घटना के स्थान

से एक फलांग दूर था, इस घटना के देखने वाले एक व्यक्ति की चीख सुनकर, तुरन्त ही घटनास्थल की ओर दौड़ा । अपनी परवाह किए बिना ही वह गड्ढे में कूद पड़ा तथा श्री सल्लोमीन को गहरे पानी से खींचकर बचा लिया । लड़के को बचाने से श्री फिलिप वरघीस द्वारा दिखाया गया साहस तथा तत्परता प्रशंसनीय है ।

19. श्री लक्ष्मण रामचन्द्र प्रभु,
पुलिस कॉंस्टेबल, ओल्ड पुलिस लाइंस, बयूले स्ट्रीट,
अग्रिपाड़ा, बम्बई-11 ।

30 जून, 1972 को श्री लक्ष्मण रामचन्द्र प्रभु, लाला लाजपतराय रोड पर स्थित हाजी अली पुलिस चौकी में ड्यूटी पर तैनात थे । पान्टन रोड, बम्बई का रहने वाला 12 वर्षीय मोहम्मद आरिफ मोहम्मद यूसुफ, हाजी अली दरगाह को उस पगडंडी से जा रहा था जो मुख्य सड़क से मिलती है । वह रास्ता ज्वार भाटे के दौरान जलमग्न रहता है । जिस समय लड़का पगडंडी पार कर रहा था, बड़े फाटक से अचानक एक भयंकर लहर आई जो लड़के को भयंकर समुद्र में बहा ले गई और वह सहायता के लिए चिल्लाने लगा । पुकार सुनकर श्री लक्ष्मण रामचन्द्र प्रभु दरगाह की तरफ की पगडंडी की ओर दौड़े और भयंकर समुद्र में कूद पड़े । वे लहरों का सामना करते हुए 30 गज के फासले तक तैरते गए । जब वे लड़के के पास पहुंचे तब वह डूबने ही वाला था । अति साहसिक प्रयत्न करने के बाद श्री प्रभु लड़के को किनारे पर ले आए । उन्होंने लड़के की प्राथमिक चिकित्सा भी की और उसका उपचार कराने के लिए अस्पताल ले गए ।

श्री लक्ष्मण रामचन्द्र प्रभु ने, स्वयं अपने जीवन की सुरक्षा की परवाह किए बिना लड़के को बचाने में अदम्य साहस का प्रदर्शन किया ।

20. श्री रामकृष्ण एकनाथ गटने,
सेठ ज्योति प्रसाद विद्यालय,
हांड, जिला पूना, महाराष्ट्र ।

